22/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए युवाओं को इक्यावन हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। उन्नीसवां रोज़गार मेला देशभर के सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत से अब तक देशभर में आयोजित अट्ठारह रोज़गार मेलों के माध्यम से लगभग बारह लाख भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं।

000000000000000000000000000

अपर सुबनसिरी प्रशासनिक अधिकारियों और प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त प्रारंभिक निरीक्षण रिपोर्टों के अनुसार, इक्कीस मई 2026 की सुबह भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ से निलिंग और गिबा सर्किल में बुनियादी ढांचे और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रमुख क्षति में निलिंग सर्किल के निंगपिंग गांव के पास नियो कोरो स्थित RCC पुल, निंगपिंग गांव में सात कच्चे और एक पक्का मकान, कृषि भूमि और पशुधन शामिल हैं। इसके अलावा लोड्ते गांव और गिबा मुख्यालय के बीच स्थित एक अन्य पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

अपर सुबनसिरी जिला DDMA ने लोगों को नदी में मछली पकड़ने, जलावन लकड़ी तथा बाढ़ के पानी से बहकर आए लकड़ी के टुकड़े इकट्ठा करने से बचने की सलाह दी है, क्योंकि इससे जान-माल को खतरा हो सकता है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश जैव विविधता बोर्ड ने आज ईटानगर के चिम्पू स्थित स्टेट फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वेरियर एल्विन कॉन्फ्रेंस हॉल में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस-2026 का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम "Acting Locally for Global Impact" रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों, युवाओं और जैव विविधता प्रबंधन समितियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित पेंटिंग, मॉडल मेकिंग, क्राफ्ट मेकिंग और शॉर्ट फिल्म मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक देवेंद्र दालाई ने वैश्विक प्रभाव पैदा करने में सामूहिक स्थानीय प्रयासों की भूमिका पर जोर देते हुए अरुणाचल प्रदेश को वैश्विक जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में सत्तर से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000000

सरकार ने कहा है कि देश के कई हिस्सों में बढ़ती गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में भारत की बिजली मांग नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय के अनुसार कल दिन के समय बिजली की अधिकतम मांग दो सौ सत्तर दशमलव आठ दो गीगावॉट दर्ज की गई, जिसने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। बुधवार को यह मांग दो सौ पैसठ गीगावॉट से अधिक थी, जबकि सोमवार और मंगलवार को क्रमशः दो सौ सत्तवन और दो सौ साठ गीगावॉट से ज्यादा रही। मंत्रालय ने बताया कि दिन के समय बिजली की अधिकतम मांग आमतौर पर दोपहर दो से चार बजे के बीच होती है। मंत्रालय ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए आवश्यकता अनुसार बिजली आपूर्ति के लिए पूरी तैयारी की गई है। साथ ही नागरिकों से बिजली का समझदारी और सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की गई है।

0000000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर इस महीने की चौबीस तारीख कर दी है। पहले इसकी अंतिम तिथि कल तक थी। CBSE ने यह निर्णय पिछले कुछ दिनों से वेबसाइट पर अत्यधिक ट्रैफिक और अनधिकृत हस्तक्षेप के कई प्रयासों के कारण लिया, जिससे वेबसाइट बाधित होने की आशंका बढ़ गई थी।

बोर्ड ने जानकारी दी है कि उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी प्राप्त होने के बाद छात्रों को Verification of Issues Observed या Re-evaluation के लिए आवेदन करने हेतु दो दिन तक का समय मिलेगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को बढ़ाई गई समयसीमा का लाभ उठाने और उसी अनुसार आवेदन करने की सलाह दी है।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ (APSTS) अपनी स्थापना के पचास स्वर्णिम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उनतीस मई 2026, शुक्रवार को तिराप जिले के खोंसा स्थित नेहरू स्टेडियम में मैराथन दौड़ का आयोजन करेगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में हाफ मैराथन, दस किलोमीटर दौड़ और पांच किलोमीटर दौड़ के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

000000000000000000000000000

K Blooming Early Intervention and Learning Centre तथा Arunachal Life Saving Foundation, Ayang Multi-purpose Cooperative Society Ltd के सहयोग से चौबीस मई 2026 को ईटानगर स्थित RK Mission Hospital में रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे। यह शिविर “Donate Blood for Inclusive Futures” थीम के तहत आयोजित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, इस शिविर का उद्देश्य न्यूरो डायवर्सिटी के प्रति जागरूकता फैलाना और न्यूरो डायवर्स लोगों को समाज में स्वीकार करने का संदेश देना भी है। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के सत्रह ज़िलों वेस्ट कामेङ, पाक्के केसाङ, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, सियाङ, अपर सियाङ, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, लोअर दिबाङ वैली, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

000000000000000000000000000